It is Certified that the register contains 335 (Three hundred Thirty five) pages.

21-06-24
Principal
Govt. College Bilaspur (HP)

कार्यक्रम अधिकारी 1. Dr. Ajeet Kumar
राष्ट्रीय सेवा योजना 2. Prof Anupriya.
राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर

## ........CONTENT..........


YOGA DAY CELEBRATION ............ 21 JUNE 2024
ONE DAY CLEANLINESS DRIVER ......... 1 AUG 2024
REGISTRATION FOR NEW SESSION
GAYATRI PARIVAR ORIENTATION PROGRAM .......... 7 AUG 2024
HAR GHAR TIRANGA .............. 14 AUG 2024
AIDS & DRUG AWARENESS PROGRAM ........... 31 AUG 2024
CELEBRATION OF TEACHER'S DAY .......... 5 SEP 2024
SWACHTA HI SEVA ............ 17 SEP 2024
STHAPNA DIWAS (NSS DAY) .......... 24 SEP 2024
DISTRICT LEVEL PRE RD CAMP .......... 26 SEP 2024
CLEANLINESS DRIVE CLOSING .......... 3 OCT 2024
MOCK DRILL .......... 5 OCT 2024
HPU INTER COLLEGE YOUTH FESTIVAL EVENT GROUP-1 .......... 14 OCT 2024 – 16 OCT 2024
NSS VOLUNTEERS [TRAFFIC DUTY]
YE DIWALI MY BHARAT WALI ORIENTATION .......... 27 OCT 2024 – 30 OCT 2024

YE DIWALI MY BHARAT WALI

ACTIVITY NAME : ORIENTATION PROGRAM WITH NEHRU YUVA KENDRA
CLEANLINESS DRIVE
TRAFFIC DUTY
HOSPITAL DUTY

ORGANISING CORRUPTION AND CYBER CRIME AWARNESS PROGRAM :.. 04. NOVEMBER 2024
ELECTORAL REGISTRATION SPECIAL CAMP..... 13-NOV-2024
CELERATING CONSTITUTION DAY ........ 26-NOV-2024
DRUG AWARNESS PROGRAM ......... 07-DEC-2024
- NATIONAL INTEGRATION CAMP ...... 21-27 DEC-2024
SVEN DAY SPECIAL CAMP ........ 30DEC-24 — 05-JAN-2025
CELEBRATING NATIONAL VOTER'S DAY ........ 25 JAN 2025
- WORLD BOOK FAIR ........ 6-7 February 2025
ONE DAY CLEANNESS .......... 14 Feb 2025
CELEBRATED INTERNATIONAL WOMEN'S DAY ..... 08 MARCH 2025
VIKSHIT BHARAT YOUTH PARLIAMENT ...... 18-19 MAR 2025
NSS FAREWELL PARTY ....... 24 MARCH 2025
- 8th NORTH EAST YOUTH FESTIVAL 2025 SPECIAL CAMP ...... 17th - 20th MARCH 2025

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

1. Dr. Ajeet Kumar
2. Prof Anupriya.

classmate

# International YOGA DAY

## 21 June 2024

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर एनएसएस के 80 वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा विभिन्न योग क्रियाएं की गई और इन योग क्रियाओं का अभ्यास एनएसएस स्वयंसेवी जसबीर ने विभिन्न योगासनों द्वारा करवाया। अंतर्राष्ट्रीय दि। योग दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्य डॉ० पी० एस कटवाल ने सभी छात्रों को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी और जीवन में योग के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

# Yoga day

DATE





"राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर के स्वयंसेवक और कैडेट योग दिवस के अवसर पर योग करते हुए।"



# One Day Cleanliness DRIVE & REGISTRATION For New Session

# 1 Aug 2024

**स्वयंसेवियों ने संवारा महाविद्यालय परिसर :**

दिनांक 1 अगस्त 2024 को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इस उपलक्ष्य पर एनएसएस के 80 वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने कन्या छात्रावास और कॉलेज परिसर में उगी घास और झाड़ियों को साफ किया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने कार्यकारी प्राचार्य **डॉ. पीएस कटवाल** के मार्गदर्शन में संभावित क्षेत्र को संवारा।



बिलासपुर कॉलेज में सफाई करते एनएसएस स्वयंसेवी व प्रोफेसर। संवाद

## स्वयंसेवियों ने संवारा महाविद्यालय परिसर

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान स्वयंसेवियों ने कन्या छात्रावास और कॉलेज परिसर में उगी घास और झाड़ियों को साफ किया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल के मार्गदर्शन में संभावित क्षेत्र को संवारा। शिविर का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य ने सभी एनएसएस स्वयंसेवियों को नए अकादमिक सत्र की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने स्वयंसेवियों को एनएसएस के सिद्धांतों पर चलते हुए निष्ठापूर्वक सामाजिक कर्तव्यों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। एनएसएस सलाहकार समिति के समन्वयक प्रो. जगबीर सिंह चंदेल ने भी शिविर में श्रमदान करते हुए विद्यार्थियों के समक्ष निस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

.इस दौरान पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजीत, प्रो. अनुप्रिया, प्रो. नवेंदु, डॉ.. अविनाश, प्रो. सोनिक सहित अन्य उपस्थित रहे। संवाद

# One day cleanliness drive



प्राचार्य महोदय स्वच्छता अभियान के लिए स्वयंसेवकों को सलाह दे रहे हैं।



प्राचार्य महोदय और प्रो॰ जगवीर सर एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए।

# HAR GHAR Tiranga

# 14 August 2024

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एन.एस.एस इकाई के स्वयंसेवियों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में राष्ट्र की संप्रभुता के राष्ट्रीय प्रतीकों एवं राष्ट्रीय धरोहर का गौरव बनाए रखने की शपथ ली। जिसमें एन. एस.एस यूनिट के स्वयं सेवियो ने महाविद्यालय के परिसर में तथा आस पास के क्षेत्र में एक जागरुकता रैली निकाल कर राष्ट्र भक्ति की भावना को जगाया।

Name of Activity : Har Ghar Tiranga
Date - 14 August 2024
Place - GC Bilaspur
No. of Volunteers participated = 11

DATE

# Har ghar tiranga



एनएसएस स्वयंसेवी 15 अगस्त के उपरांत रैली निकालते हुए।



DATE

# Sthapna Diwas

# (NSS DAY)

# 24 September 2024

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एनएसएस स्वंयसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने कहा कि स्वअनुशासन में रहते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना एनएसएस स्वंयसेवियों से बेहतर शायद ही कोई कर सकता है। एनएसएस सलाहकार समिति के समन्वयक प्रो. जगबीर चंदेल ने सभी स्वंयसेवियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# बिलासपुर कॉलेज में मनाया एनएसएस का स्थापना दिवस



एनएसएस के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं छात्राएं। -संवाद

बिलासपुर। बिलासपुर कॉलेज में एनएसएस इकाई द्वारा एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

एनएसएस स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने कहा कि स्वअनुशासन में रहते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना एनएसएस स्वयंसेवियों से बेहतर शायद ही कोई कर सकता है। उन्होंने कहा कि चाहे स्वच्छता है, चाहे किसी भी प्रकार के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का प्रसार या फिर व्यक्तित्व विकास करना, एनएसएस स्वयंसेवी सभी क्षेत्रों में अपनी भूमिका एवं सहभागिता करते हुए निरंतर कार्यरत रहते हैं।

एनएसएस सलाहकार समिति के समन्वयक प्रो. जगबीर चंदेल ने सभी स्वयंसेवियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी को सत्र 2024-25 की प्रस्तावित गतिविधियों के विषय में अवगत करवाया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य प्रो. प्रेमजीत, डॉ. सुरेंद्र ठाकुर, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. मनोहर, प्रो. अनुप्रिया व अन्य उपस्थित रहे। संवाद



प्राचार्य महोदय एनएसएस स्वयंसेवकों के साथ एनएसएस दिवस मनाने के लिए मल्टी पर्पज हॉल में प्रवेश करते हुए।

# District Level

# PRE RD

# Camp

## 26 September 2024

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय प्रदेश विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रदेश विश्वविद्यालय एनएसएस इकाई के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस परेड के लिए जिला स्तरीय पूर्व चयन परीक्षा की प्रक्रिया पूरी की गई। इस जिला स्तरीय शिविर में घुमारवीं कालेज से आठ, जुखाला से चार, झंडूता से तीन, श्री नयना देवी जी से दो और बिलासपुर NSS इकाई से आठ स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुप्रिया ने बताया कि पहले स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा परेड और दौड़ के मापदंडों पर स्वयंसेवियों को परखा गया। उसके बाद साक्षात्कार और सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर 12 स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तरीय शिविर के लिए किया जाएगा।

# Pre rd camp




गणतंत्र दिवस परेड के लिए आयोजित चयन शिविर में भाग लेने वाले एनएसएस स्वयंसेवी व अन्य । संवाद

## जिले के 12 एनएसएस स्वयंसेवी राज्य स्तरीय प्रीआरडी शिविर में लेंगे भाग

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय प्रदेश विश्वविद्यालय एनएसएस इकाई के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस परेड के लिए जिला स्तरीय पूर्व चयन परीक्षा की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस जिला स्तरीय शिविर में घुमारवीं कॉलेज से आठ, झुखाला से चार, झंडूता से तीन, श्री नयना देवी जी से दो और बिलासपुर एनएसएस इकाई से आठ स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुप्रिया ने बताया कि पहले स्वास्थ्य जांच की प्रक्रिया के बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा परेड और दौड़ के मापदंडों पर स्वयंसेवियों को परखा गया। उसके बाद साक्षात्कार और सांस्कृतिक गतिविधियों के आधार पर 12 स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तरीय शिविर के लिए किया जाएगा।

राज्य स्तरीय प्रीआरडी शिविर का आयोजन एमएलएसएम महाविद्यालय सुंदरनगर में 1 अक्तूबर को होगा। इससे पहले चयन परीक्षा का शुभारंभ स्थानीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने किया। उन्होंने इस शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आपको ऐसे अवसर मिलेंगे। संवाद

गणतंत्र दिवस परेड के लिए आयोजित चयन शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवियों का प्राचार्य महोदय हौंसला बढ़ाते हुए।



## जिला एवं राज्य स्तरीय प्रीआरडी शिविर

**1अक्टूबर 2024**

## राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर हि०प्र०




राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय प्रदेश विश्वविद्यालय एनएसएस इकाई के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस परेड के लिए जिला स्तरीय पूर्व चयन परीक्षा की प्रक्रिया पूरी की गई। इस जिला स्तरीय शिविर में बिलासपुर एनएसएस इकाई से 4 स्वयंसेवियों (मनीषा कुमारी. शिवानी कुमारी. जसवीर सिंह और रवि ठाकुर) का चयन राज्य स्तरीय शिविर के लिए हुआ।







**नॉर्थ जोन प्रीआरडी शिविर**

***14 - 24 अक्टूबर 2024***

**राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर हि०प्र०**



राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस वालंटियर मनीषा का नार्थ जोन प्रीआरडी शिविर के लिए चयन।

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस वालंटियर मनीषा का चयन नार्थ जोन प्रीआरडी शिविर के लिए हुआ है। महाविद्यालय प्राचार्य पीएस कटवाल ने चयनित वालंटियर को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय और एनएसएस इकाई के लिये गर्व की बात है।

जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो० अनुप्रिया ने बताया कि *01 October 2024* को राज्य स्तरीय प्रीआरडी कैम्प का आयोजन एमएलएसएम महाविद्यालय सुंदरनगर मंडी में हुआ था जिसमें ज़िला स्तर पर चयनित वॉलंटियर्स ने भाग लिया था। विभिन्न मापदंडों के बाद वॉलंटियर्स का चयन नार्थ जोन प्रीआरडी कैम्प के लिए हुआ है जिसका आयोजन *14* से *24* अक्टूबर को जयपुर राजस्थान में हो रहा है।









**एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी**

**राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर *(हि० प्र०)***

**प्राचार्य**

**राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर *(हि० प्र०)***

DATE

# NSS VOLUNTERS

# TRAFFIC DUTY

जिला प्रशासन के पुलिस अधिकारियों द्वारा त्योहारों के दौरान बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए NCC व NSS के वॉलंटियरों से सेवाएँ ली गई जिसमें राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के NSS ईकाई के तीन स्वयंसेवियों अमन, दीक्षित, प्रिंस ने त्योहारों के दौरान अपनी सेवाएं दी।


bonn





# YE DIWALI

# MY BHARAT

# WALI ORIENTATION

## 27-10-2024 TO 30-10-2024

[27 अक्तूबर] राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा आयोजित 'यह दिवाली माई भारत वाली' कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल - मंत्रालय के दिशा निर्देश पर 27 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक 'यह दिवाली माई भारत वाली' का आयोजन पूरे देश भर में किया गया, इसके अंतर्गत चार दिवसीय कार्यक्रम में एन.एस.एस. इकाई बिलासपुर, नेहरू युवा केंद्र, व्यापर मंडल, जिला चिकित्सालय, पुलिस विभाग बिलासपुर के साथ सेवा से सीखें करेंगे व स्वच्छता अभियान और ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों के साथ दीवाली पर्व के दौरान ट्रैफिक नियंत्रण की लिए अपनी सेवाएं देंगे।

ये दिवाली *My* भारत वाली कार्यक्रम संपन्न सफ़ाई अभियान यातायात प्रबंधन और सेवा से सीखे कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा आयोजित यह दिवाली " *My* भारतवाली" का समापन कार्यक्रम सेवा से सीखे कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। एनएसएस स्वयंसेवियों ने क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में मरीज़ों और उनके परिजनों के साथ मिलकर ये दिवाली माय भारत वाली को मनाया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवियों ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएँ दी।













# National Integration Camp

# 21 - 27 Dec 2024

" मेरा युवा विकसित भारत @ 2047
सशक्त भारत - समृद्ध भारत

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई से स्वयंसेवी मोहित का चयन नेशनल इंटीग्रेशन शिविर के लिए हुआ है। इस शिविर का आयोजन ग्वालियर में हुआ था। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने चयनित स्वयंसेवी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एक स्वयंसेवी के लिए ऐसे अवसर जीवन में नई चीज़ों को सीखने, नए अनुभवों को प्राप्त करने और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं।

# बिलासपुर कॉलेज के मोहित का चयन नैशनल इंटीग्रेशन कैंप के लिए हुआ



**मोहित को शुभकामनाएं देते प्राचार्य।**

**सवेरा न्यूज/अरुण डोगरा रीतू बिलासपुर,** : राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई से मोहित का चयन नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प के लिए हुआ है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने चयनित स्वयंसेवी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी उन्होंने कहा कि एक स्वयंसेवी के लिए ऐसे अवसर जीवन में नई चीजों को सीखने नए अनुभवों को प्राप्त करने और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। एनएसएस कार्यक्र म अधिकारी प्रो.अनुप्रिया ने बताया कि युवा कार्यक्र म एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से इस वर्ष नेशनल इंटीग्रेशन कैम्प का आयोजन मेरा युवा भारत विकसित भारत @ 2047 सशक्त भारत, समृद्ध भारत थीम पर लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ज़िला ग्वालियर मध्यप्रदेश में हो रहा है। इसके अंतर्गत हिमाचल प्रदेश से 8 एनएसएस स्वयंसेवियों का चयन उस हुआ है। जिला बिलासपुर से राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के एनएसएस इकाई से स्वयंसेवी मोहित का चयन हुआ है।



# राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर (हि०प्र०)

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

# विश्व पुस्तक मेला -2025 Republic@75

# हम भारत के लोग

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर से उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों की अनुपालना करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रतिनिधित्व में विभिन्न संकायों के 40 विद्यार्थियों ने विश्व पुस्तक मेला 2025, नई दिल्ली में भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय **उप प्राचार्य प्रो प्रेमजीत** ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण में ज्ञानार्जन करें और नयी चीजें सीखकर अपनी रचनात्मकता और सृजनात्मकता में वृद्धि करें।




ऊर्जावान एवं जिज्ञासु विद्यार्थियों ने विश्व पुस्तक मेले में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विभिन्न पुस्तकों, लेखकों की रचनाओं, साक्षात्कार,संवादों, अनुभवों, पुस्तक समीक्षकों के वार्तालाप से पुस्तकों के अध्ययन के महत्व को समझा। विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, एवं विभिन्न भाषाओं के साहित्य के विषय में ज्ञानार्जन किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना



World Book Fair
Hall 2






REPUBLIC




राष्ट्रीय सेवा योजना





# जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025
## 18-19 मार्च 2025
## राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर हि०प्र०

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन 18-19 मार्च को किया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से देश भर के 300 जिलों में विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन किया गया जिसमें देश भर के सभी राज्यों में 18 से 25 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। जिला बिलासपुर में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद के आयोजन का नोडल जिला केंद्र राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर बनाया गया। मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 पीएस कटवाल की अध्यक्षता में युवा संसद कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु एक विशेष बैठक में युवा संसद आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें ज़िला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र प्रदीप कुमार सदस्य सचिव महाविद्यालय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कार्यक्रम के आयोजक सचिव जिला बिलासपुर के विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों को सदस्य के रूप में रखा गया मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मिनट के वीडियो के निरीक्षण एवं छंटनी हेतु डॉ नम्रता पठानिया की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य प्रो प्रेमजीत, प्रो० रणजीत कौशल और महाविद्यालय सलाहकार समिति के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### बिलासपुर कॉलेज में होगा युवा संसद

बिलासपुर। बिलासपुर कॉलेज को जिला स्तर के यूथ पार्लियामेंट की मेजबानी मिली। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने बताया कि यह युवाओं की प्रतिभा और विचार अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 18 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए प्रतिभा के प्रदर्शन का सुनहरा अवसर है। वे अपना पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर कर सकते हैं। एक मिनट का वीडियो अपलोड करेंगे और अपलोड किए गए वीडियो का निरीक्षण गठित की गई कमेटी करेगी। कमेटी द्वारा चयनित 150 युवा प्रस्तावित तिथि 15 और 16 मार्च को राजकीय महाविद्यालय में ऑफलाइन मोड से विचार रखेंगे। जिला स्तर से 10 युवा प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तर पर होगा। राज्य स्तर से 3 प्रतिभागियों को देश की संसद में विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। संवाद










# यूथ पार्लियामेंट को लेकर छात्रों में बहुत उत्साह

**बिलासपुर/सुमन डोगरा :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से देश भर में यूथ पार्लियामेंट 2025 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश के सभी राज्यों में 18 से 25 वर्ष के युवा भाग ले सकते हैं।राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में यूथ पार्लियामेंट को लेकर छात्रों में बहुत अधिक उत्साह देखने को मिला। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि छात्रों को इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्त करने का एक मंच प्रदान होगा जिसमें वो समसामायिक विषय ÷एक देश एक चुनाव÷ पर अपने विचार प्रकट कर सकते हैं। उन्होंने ज़िला बिलासपुर के 18-25 वर्ष के युवाओं से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पंजीकरण करवाये और इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से प्राप्त आदेशानुसार महाविद्यालय में 15-16 मार्च को इस कार्यक्रम का आयोजन होना था, परंतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आदेश अनुसार और प्रशासनिक कारणों के चलते इस कार्यक्रम के आयोजन की तिथि पुनर्निर्धारित की गई है। पहले जो रजिस्ट्रेशन की तिथि 9 मार्च तक थी उसे छात्रों की सुविधा के लिए 16 मार्च तक कर दिया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने कहा कि सभी स्थितियों के अवलोकन के बाद यह निर्णय लिया गया है कि इस कार्यक्रम का आयोजन अब 18 और 19 मार्च को राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि जो भी युवा 18 से 25 वर्ष के हैं वे सभी अपना पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर कर सकते है।

# 8th North East Youth Festival 2025

## (Gangtok Sikkim) 17th-20th MARCH 2025

सिक्किम के गैंगटोक में सिक्किम खेल कल्याण विभाग ने भारतीय खेल कल्याण विभाग के साथ मिलकर 17 मार्च 2025 से लेकर 20 मार्च 2025 तक युवा उत्सव मनाया गया। इसमें भारत के हर राज्य से उत्कृष्ट ऐन. ऐस. ऐस वालंटियर्स और प्रोग्राम ऑफिसर चुने गए और चुने हुए वालंटियर्स को इस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए सिक्किम और भारत सरकार की तरफ से सुविधाएं प्रदान की गई। पंजाब हिमाचल और चंडीगढ़ के अलग-अलग कॉलेज और यूनिवर्सिटी से 10 वॉलंटियर्स को चुना गया। जिसमें हिमाचल से अमन कुमार इस युवा उत्सव के लिए चुने गए। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने अमन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के अवसर उनको देश दुनिया से जोड़ते हैं। इस युवा उत्सव में समायोजन, नेतृत्व क्षमता, विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान की भावना और व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा।

classmate



# स्वयंसेवी अमन का किया स्वागत

## स्वयंसेवियों ने नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास के पहलुओं को समझा

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई ने सिक्किम के गंगटोक में हुए नार्थ ईस्ट युवा उत्सव से लौटने पर स्वयंसेवी अमन कुमार का स्वागत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने अमन को बधाई दी।



महाविद्यालय बिलासपुर में नार्थ ईस्ट युवा उत्सव से लौटने पर एनएसएस वालंटियर अमन का स्वागत करते प्राचार्य व अन्य। स्रोत : कॉलेज प्रवक्ता

उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के अवसर उनको देश दुनिया से जोड़ते हैं। जब विभिन्न संस्कृतियों के बीच हम अपनी संस्कृति को जोड़ते हैं तो दूसरों को देखने का हमारा दृष्टिकोण बदल जाता है और सभी के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है। स्वयंसेवी अमन ने कहा कि उन्होंने इस युवा उत्सव में समायोजन, नेतृत्व क्षमता, विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान की भावना और व्यक्तित्व विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अजीत ने बताया कि सिक्किम खेल कल्याण विभाग ने भारतीय खेल कल्याण विभाग के साथ मिलकर युवा उत्सव मनाया था।

